भ्रष्टाचार | सरकारी पैसे की खुली लूट, जिम्मेदार ही बने उद्यान के दुश्मन, समूह संचालकों की मनमानी से उजड़ता जा रहा उद्यान

# शासकीय उद्यान में खुलेआम हो रहा भ्रष्टाचार का खेल

**कोतमा नवभारत 3 जनवरी।** कोतमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटकोना में संचालित शासकीय उद्यान में आज हरियाली नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार, लापरवाही और सरकारी धन की बर्बादी का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। जिस उद्यान को सरकार ने रोजगार, पौध उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विकसित किया था वहीं आज विभागीय कर्मचारियों और समूह संचालकों की मनमानी के कारण उजड़ता जा रहा है।

रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी निकाली जा रही है, पौध उत्पादन दिखाया जा रहा है, देखरेख के नाम पर लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है। उद्यान में न तो सफाई है, न सिंचाई और न ही पौधों की कोई देखभाल। चारों ओर खरपतवार फैली हुई है और हजारों पौधे सूखकर नष्ट हो चुके हैं।



### पेड़ों के नीचे आग, पर्यावरण से खुला खिलवाड़

कटकोना उद्यान में जिम्मेदारों द्वारा ही पेड़-पौधों के नीचे आग लगाई जा रही है। इस लापरवाही से सैकड़ों पौधे झुलस चुके हैं और कई पेड़ पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। सवाल यह है कि आखिर किसके आदेश पर उद्यान के अंदर आग लगाई जा रही है? क्या विभागीय अधिकारी इस गंभीर अपराध से अनजान हैं या फिर जानबूझकर आंख मूंदे बैठे हैं?

### बिना अनुमति बांस कटाई, ठेकेदारों को सप्लाई

सबसे चौंकाने वाला मामला शासकीय उद्यान से बिना अनुमति बांस की कटाई कर निजी ठेकेदारों को सप्लाई करने का है। उद्यान की देखरेख का जिम्मा संभाल रहे कर्मचारी ने स्वीकार किया कि रोजगार सहायक सचिव सहायता करते हैं इसलिए उनकी सहायता कर दी गई। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या शासकीय संपत्ति व्यक्तिगत सहायता के बदले लूटी जा सकती है? किस नियम, किस आदेश और किस अधिकार के तहत सरकारी बांस काटकर बेचा गया। इसका जवाब आज तक किसी अधिकारी ने नहीं दिया।

### हजारों तैयार पौधे सूख गए

सरकार द्वारा लाखों रुपये लेकर पौध उत्पादन करने वाले समूह संचालक भी पूरी तरह लापरवाह नजर आ रहे हैं। बरसात के बाद से अब तक न सिंचाई की गई, न निराई-गुड़ाई। परिणाम स्वरूप हजारों तैयार पौधे समूह संचालकों की आंखों के सामने ही सूख गए। बावजूद इसके भुगतान पूरे किए गए, जिससे सरकारी धन की खुली लूट उजागर होती है।

### वार्मिंग कम्पोस्ट और खाद निर्माण स्थल कचरे में तब्दील

वार्मिंग कम्पोस्ट और खाद निर्माण स्थल आज कचरा घर में तब्दील हो चुके हैं। अमरूद जैसे फलदार वृक्ष, जो कभी अच्छी पैदावार देते थे, आज खरपतवार की गिरफ्त में दम तोड़ रहे हैं। उद्यानिकी विभाग की योजनाएं पूरी तरह विफल होती दिखाई दे रही हैं।

### कब जागेगा प्रशासन?

कटकोना शासकीय उद्यान की दुर्दशा यह सवाल खड़ा करती है कि क्या सरकार की आंखों में जानबूझकर धूल झोंकी जा रही है? क्या जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों और समूह संचालकों पर कार्रवाई होगी या फिर यह भ्रष्टाचार ऐसे ही चलता रहेगा? ग्रामीणों की मांग है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच हो, दोषियों पर एफआईआर दर्ज की जाए और शासकीय संपत्ति की लूट पर तत्काल रोक लगाई जाए।

**इनका कहना है**

बांस वापस मांगा लिया गया है। हम अपनी सुविधा के अनुसार आग लगाते हैं। पेड़ों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

**दीपक बुनकर**
**कर्मचारी, उद्यानिकी विभाग**



# मिलर्स की समस्याओं के समाधान तक धान मिलिंग पर रोक

**एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**अनूपपुर, नवभारत।** उपार्जित धान के भंडारण एवं परिवहन की व्यवस्था तथा वर्ष 2025-26 की मिलिंग प्रक्रिया की समीक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने की।

बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी अनीता सोरते, नागरिक आपूर्ति निगम की जिला प्रबंधक प्रियंका पठारिया, अरविंद सिंह, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सहित अनूपपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यरक्ष रावेन्द्रा कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार अग्रवाल, सचिव दीपेन्द्र केशरवानी, कोषाध्यएक्ष राहुल केशरवानी सहित जिले के समस्ता राईस मिलर्स उपस्थित रहे।

### मिलिंग अनुबंध पर की गई चर्चा

बैठक के दौरान वर्ष 2025-26 के लिए मिलिंग अनुबंध किए जाने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर मिलर्स ने अपडेशन राशि तथा वर्ष 2024-25 की मिलिंग राशि का भुगतान अब तक नहीं होने की समस्या उठाई। बैठक में अनूपपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन ने राइस मिलों से जुड़ी गंभीर समस्याओं के निराकरण तक धान मिलिंग कार्य प्रारंभ नहीं करने का निर्णय लिया। इस संबंध में एसोसिएशन द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

# छेरछेरा पर्व पर कंबल व फूड पैकेट वितरित

**जागृति महिला समिति का सेवा अभियान**

**रामनगर, नवभारत।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक छेरछेरा त्यौहार के अवसर पर जागृति महिला समिति, हसदेव क्षेत्र द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए जनकल्याणकारी कार्य किया गया। इस क्रम में रामनगर, डोला में भीषण ठंड से बचाव हेतु जरूरतमंदों के बीच 80 नग कंबल एवं 100 नग फूड पैकेट का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा परम आदरणीय शशि दुहन भाभीजी के प्रेरणा, संरक्षण एवं मार्गदर्शन तथा उनके एवं उपाध्यक्षगणों द्वारा किए जा रहे निरंतर सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दिव्यांगजनों को भी कंबल एवं फूड पैकेट प्रदान किए गए। वितरण के पश्चात लाभार्थियों के चेहरे पर संतोष व मुस्कान देखने को मिली और उन्होंने समिति को आशीर्वाद दिया।



### ठंड से बचाव के उपाय करें : डॉ. सरोज

इस अवसर पर जागृति महिला समिति की अध्यक्षा डॉ. सरोज बाला श्याग विश्नोई ने सभी को ठंड से बचाव के उपाय अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने एवं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। कार्यक्रम में रूना मित्रा सचिव, राजकुमारी रघुवंशी, तृप्ति पाण्डेय समाज कल्याण सचिव, माला तिवारी, ऋचा जिंदल, मिताली सिल, स्नेह नामदेव, रीना बघेल सहित जागृति महिला समिति की अनेक सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

# क्षेत्रीय ग्रामीण प्रीमियर क्रिकेट कल से

**ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है उद्देश्य : सरपंच**

**कोतमा नवभारत 3 जनवरी।** गोहंड्रा में क्षेत्रीय ग्रामीण प्रीमियर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ 5 जनवरी को होगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन गोहंड्रा के सरपंच की विशेष पहल पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह तीसरा संस्करण है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच प्रदान करना है। इस टूर्नामेंट का आगाज आर्या एनर्जी पावर प्लांट के नजदीक खेल के मैदान में होगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और खेल भावना को बढ़ावा देना। यह टूर्नामेंट क्षेत्र की कई दिग्गज ग्रामीण टीमों को एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर देगा। आयोजकों ने बताया कि यह टूर्नामेंट न केवल क्रिकेट का उत्साह बढ़ाएगा, बल्कि क्षेत्र में एकता और सद्भाव का माहौल भी बनाएगा।

### ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का मौका

सरपंच ने बताया कि हमारा प्रयास है ग्रामीण स्तर पर छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को सामने लाया जाए और उन्हें अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिले। यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बनेगा। टूर्नामेंट के दौरान दर्शकों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, और यह उम्मीद है कि मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी जुटेंगे।

# जेएसओ व सर्वेयर को शोकॉज नोटिस

**छिल्पा उपार्जन केंद्र का प्रभारी कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण**

**अनूपपुर, नवभारत 3 जनवरी।** उपार्जित धान के भंडारण एवं परिवहन को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मिलर्स के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के पश्चात प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने छिल्पा उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की समस्त व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के समय अनुविभागीय दंडाधिकारी अनूपपुर कमलेश पुरी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी अनीता सोरते भी उपस्थित रहीं। प्रभारी कलेक्टर ने किसानों से सीधे संवाद कर उपार्जन प्रक्रिया, भुगतान की स्थिति एवं भंडारण व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि किसानों को उपार्जन राशि का भुगतान निर्धारित समय-सीमा में नहीं किया जा रहा है, जिससे किसानों में असंतोष व्याप्त है।




### लापरवाही पर जताई नाराजगी

व्यवस्थाओं में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर प्रभारी कलेक्टर अर्चना कुमारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी (जेएसओ) एवं सर्वेयर को कारण बताओ सूचना पत्र (शोकॉज नोटिस) जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उपार्जन कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ए एक नजर में

## जगतगुरु से मिले केंद्रीय मंत्री शेखावत

**जबलपुर, नवभारत।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शिखावत ने स्नेह नगर स्थित कुटी में पहुँचकर पूज्य श्रीमद् जगद्गुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य से सादर भेंट कर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा, संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। भेंट के दौरान केंद्रीय मंत्री शिखावत ने आगामी फरवरी माह में दिल्ली में संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित केंद्रीय प्रदर्शनी कार्यक्रम में जगद्गुरु स्वामी राघव देवाचार्य जी को विशेष रूप से आमंत्रित किया।



## पमरे ने जीता बिक्री प्रबंधन पुरस्कार

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय रेल के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 की घोषणा कर दी गई है। इस वर्ष की पुरस्कार सूची में बिक्री प्रबंधन पुरस्कार पश्चिम मध्य रेलवे को मिला है, उसने तकनीकी विशेषज्ञता और शानदार कार्यप्रणाली का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इसके अलावा अन्य पुरस्कारों में पमरे पर दूसरे जोन भारी पड़े. इन पुरस्कारों में वेस्टर्न (पश्चिम) रेलवे सभी जोनों पर जबर्दस्त रूप से भारी पड़ा है। रेलवे बोर्ड के संयुक्त सचिव टी. श्रीनिवास के जारी पत्र के अनुसार, इन पुरस्कारों का वितरण 9 जनवरी को दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। समारोह के दौरान रेल मंत्री स्वयं विजेता जोन के महाप्रबंधकों को सम्मानित करेंगे। पश्चिम मध्य रेलवे की ओर से महाप्रबंधक के साथ संबंधित विभाग के प्रधान मुख्य विभागाध्यक्ष (पीएचओडी) इसके लिए दिल्ली जाएंगे।

## जबलपुर स्टेशन पर बनेगा होल्डिंग एरिया

**नवभारत, जबलपुर।** प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेला 2026 के अवसर पर 03 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक यात्रियों की संभावित अत्यधिक भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए जबलपुर रेल मंडल द्वारा व्यापक एवं सुव्यवस्थित कार्य योजना तैयार की गई है। माघ मेला अवधि के दौरान प्रयागराज एवं उससे जुड़े विभिन्न रेलखंडों पर यात्री आवागमन में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। इस परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त यात्री अनुमानों, माघ मेला 2024 के परिचालन अनुभव तथा वास्तविक भीड़ प्रवृत्तियों के आधार पर विशेष ट्रेन सेवाओं एवं अतिरिक्त परिचालन की योजना बनाई गई है।

### यात्री आंकड़ों के आधार पर विशेष प्रबंध


माघ मेला 2026 के दौरान जबलपुर रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों सतना, मैहर, कटनी, कटनी मुड़वारा, जबलपुर एवं रीवा पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों के आवागमन का अनुमान है। इसके मद्देनज़र प्लेटफॉर्म प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, यात्री मार्गदर्शन, सुरक्षा एवं संरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि यात्रियों की सुविधा एवं भीड़ नियंत्रण हेतु मंडल के पाँच प्रमुख स्टेशनों पर निम्नानुसार होल्डिंग एरिया विकसित किए जा रहे है। जिसमें जबलपुर – 2000 वर्गफुट, कटनी – 4000 वर्गफुट, कटनी मुड़वारा – 4000 वर्गफुट शामिल है। इन स्टेशनों पर अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की जा रही है। साथ ही कटनी, कटनी मुड़वारा स्टेशनों पर एम.यू.टी.एस की व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रियों को टिकट प्राप्त करने में और अधिक सुविधा मिलेगी।

# नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला

**मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप**

**अनूपपुर, नवभारत 3 जनवरी।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के चचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बकही में 19 वर्षीय नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान दयावती अगरिया के रूप में हुई है, जिसकी शादी महज 6 महीने पहले कमलेश अगरिया से हुई थी। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की शुरुआती जांच में मामला आपसी विवाद के बाद आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शनिवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



### पति-पत्नी में हुआ था विवाद

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि दयावती और कमलेश की शादी लव कम अरेंज मैरिज थी। बताया जा रहा है कि 1 जनवरी की शाम पति कमलेश एक पार्टी में गया था और देर रात घर लौटा, जिससे दयावती नाराज हो गई। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। अगले दिन सुबह जब कमलेश किसी काम से बाहर गया, उसी दौरान दयावती ने कमरे में फांसी लगा ली।

**पुलिस के पहुंचने से पहले शव को फंदे से उतारा**

मृतका के मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दयावती के साथ मारपीट करता था। परिजनों का कहना है कि ससुराल वालों ने उनकी बेटी की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही ससुराल वालों ने शव को फंदे से नीचे उतार दिया, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है।

## पत्रकार कल्याण परिषद का आंचलिक अधिवेशन आज

**कोतमा नवभारत 3 जनवरी।** पत्रकार कल्याण परिषद का आँचलिक अधिवेशन 4 जनवरी को कोतमा नगर के मंगल भवन में आयोजित होने जा रहा है। यह अधिवेशन पत्रकारों के कल्याण, उनकी समस्याओं और परिषद की भविष्य की रणनीति पर केंद्रित होगा। इस अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के खादी एवं ग्रामोद्योग तथा कुटीर उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेदांता त्रिपाठी करेंगे। इसमें आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पत्रकारों के जुटने की संभावना है। इसमें मुख्य रूप से पत्रकारों के समक्ष आ रही चुनौतियों, उनके कल्याणकारी योजनाओं और परिषद को क्षेत्रीय स्तर पर मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।



# पौषी पूर्णिमा पर लगाई पुण्य की डुबकी

**अनूपपुर, नवभारत 3 जनवरी।** जिले में स्थित मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में शनिवार को पौष माह की पावन पूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक आस्था, श्रद्धा और भक्ति का भव्य नजारा देखने को मिला। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, तीर्थयात्री एवं पर्यटक मां नर्मदा के पावन तट पर पहुंचे और रामघाट, कोटि तीर्थ घाट सहित विभिन्न कुंडों में पुण्य की डुबकी लगाई। प्रात:काल से ही रामघाट के दोनों तटों पर स्नानार्थियों की लंबी कतारें देखी गईं। श्रद्धालुओं द्वारा स्नान का क्रम सुबह से लेकर देर शाम तक निरंतर चलता रहा। स्नान उपरांत भक्तों ने मां नर्मदा के उद्गम स्थल मंदिर पहुंचकर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की तथा दर्शन कर परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

### मंत्रोच्चार से घाट एवं मंदिर परिसर गूंज उठे

पौषी पूर्णिमा के पावन पर्व पर अमरकंटक का संपूर्ण वातावरण भक्ति और अध्यात्म से सराबोर हो गया। मां नर्मदा के जयकारों और मंत्रोच्चार से घाट एवं मंदिर परिसर गूंज उठे। देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों ने भी इस पुण्य अवसर का लाभ लिया।

घोटाला | बीते वर्ष अपात्र समूहों से कराई गई खरीदी, गलत खातों में किया गया भुगतान, अधिकारियों की मिलीभगत उजागर

# महिला स्व-सहायता समूहों के नाम पर किया गया करोड़ों का भ्रष्टाचार

**अनूपपुर, नवभारत 3 जनवरी।** जिले में धान उपार्जन वर्ष 2024-25 के दौरान महिला स्व-सहायता समूहों को आवंटित उपार्जन केंद्रों में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार किए जाने का मामला सामने आया है।

गत वर्ष संचनालय भोपाल द्वारा तीन स्व-सहायता समूह को भोपाल द्वारा अपात्र किया गया था, जिसके बाद खाद्य विभाग द्वारा संशोधित सूची भेजी गई, जिसके बाद 18 दिसम्बार को जीवन ज्योति संकुल संगठन अनूपपुर को विपणन परिसर जैतहरी, एकता ग्राम संगठन टकुहली को कृषि उपज मंडी जैतहरी तथा सहारा संकुल संगठन जैतहरी को मैदान ग्राम मनौरा मानिकपुर का खरीदी केन्द्र का आदेश दिया गया, जिसके कारण 1 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ होने वाली धान खरीदी 22 दिसम्बर 2024 को प्रारंभ हुई।

### नियम विरुद्व कार्य किया गया

जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अनीता सोरते, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सहित एनआरएलएम के प्रबंधक शशांक सिंह की मिलीभगत से आवंटित हुई संकुल संगठन व ग्राम संगठन की जगह उसी वर्ष अपात्र हुये प्रिया स्व-सहायता समूह शिवनी, दुर्गा-2 स्व-सहायता समूह बलबहरा तथा संस्कार स्व-सहायता समूह चोरभटी से खरीदी करवाकर नियम विरूद्व तरीके से कार्य कराया गया।

### उपार्जन प्रक्रिया में नियमों को किया दरकिनार

जिले के जैतहरी क्षेत्र में धान उपार्जन वर्ष 2024-25 के भुगतान को लेकर गंभीर अनियमितता के आरोप सामने आया हैं। जानकारी के अनुसार खरीदी केन्द्र मैदान ग्राम मनौरा, मानिकपुर में गत वर्ष धान खरीदी का कार्य सहारा संकुल संगठन जैतहरी को स्वीकृत किया गया था। हालांकि इसी वर्ष कथित रूप से अपात्र घोषित संस्कार स्व-सहायता समूह चोरभठी से धान खरीदी कराए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि उपार्जन प्रक्रिया में नियमों को दरकिनार किया गया।



### भाजपा मंडल अध्यक्ष वेंकटनगर के खाते में 7 लाख का भुगतान

उपार्जन के बाद धान वर्ष 2024-25 के देयकों का भुगतान सहारा संकुल संगठन जैतहरी के खाता क्रमांक 3518610917 से चेक क्रमांक 077638, 31 अक्टूबर 2025 के माध्यम से किया गया। यह राशि 7,46,294 बताई जा रही है, जो कथित रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष वेंकटनगर विजय सिंह राठौर के खाता क्रमांक 2193684959 में स्थानांतरित की गई है। सूत्रों के अनुसार संस्कार स्व-सहायता समूह चोरभटी की सदस्य सावित्री राठौर के पुत्र विजय सिंह राठौर है। इस पारिवारिक संबंध के चलते पूरे मामले पर और अधिक सवाल खड़े हो रहे हैं।

### प्रिया स्व-सहायता ने फर्जी दस्तावेज से हासिल किया 8 लाख का भुगतान

जीवन ज्योति संकुल संगठन अनूपपुर द्वारा वर्ष 2024 में जीवन ज्योति संकुल संगठन को क्रमांक 1 विपणन परिसर जैतहरी में धान खरीदी केंद्र प्रदान किया गया था, लेकिन उक्त खरीदी प्रिया स्व-सहायता समूह शिवनी द्वारा की गई। जानकारी के अनुसार धान खरीदी के पश्चात् उपार्जित धान के भुगतान की राशि सीधे जीवन ज्योति संकुल संगठन अनूपपुर के खाते में फर्जी दस्तावेज पेश कर प्रिया स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष गिरिजा राठौर ने अपने कब्जे में ले ली। संगठन के खाता क्रमांक 3598916113 से 1 दिसंबर 2025 को 8 लाख रुपये का चेक क्रमांक 086865 काटा गया और उक्त राशि प्राप्त कर ली गई।

**इनका कहना है**

यदि गत वर्ष धान खरीदी का कार्य सहारा संकुल संगठन जैतहरी को स्वीकृत किया गया था, तो अपात्र घोषित संस्कार स्व-सहायता समूह चोरभटी से धान खरीदी कराया जाना गलत है। उसकी पूरी जांच करना शासन प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस प्रक्रिया में जो भी दोषी पाया जाए, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वह कोई भी हो।

**फुन्देलाल सिंह मार्को**
**विधायक पुष्पराजगढ़**